तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **जगदीशसिंह गहलोत बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार जोधपुर)** **सू.अ.अ. अपील संख्या 157 / 2020**	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20.10.20	अपीलार्थी जगदीश सिंह गहलोत, पता गहलोतों का बास, मगरा पूंजला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 24.07.2020 में उसके द्वारा (1) ग्राम मण्डोर पटवार प्रथम खसरा नम्बर 13 का नजरीया नक्शा, अडोस पड़ोस के साथ नक्शा, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार जोधपुर) से आदिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना प्रार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Anop Singh Inda
Date: 2021.01.12 17:29:30 IST
Reason: SelfAttested